सार-समाचार

अनूपगढ़ में महिला व युवक से मारपीट

अनूपगढ़ । यहां एक महिला और उसके साथ आए एक व्यक्ति से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला के परिजनों ने ये मारपीट मुंहबोली बहन से शादी करने के आरोप में की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले गई। पिटाई करने वाले परिजनों ने बताया कि युवक ने महिला को मुंहबोली बहन बनाया हुआ था। पांच साल पहले युवक ने महिला से शादी कर ली और बिना बताए अपने साथ ले गया। युवक और महिला अनूपगढ़ आए थे, इसकी जानकारी महिला के परिजनों को मिल गई। जानकारी मिलते ही महिला के भाई और भाभियां मौके पर पहुंच गईं और दोनों की पिटाई शुरू कर दी। मौके पर मौजूद भीड़ ने करीब 10 मिनट बाद दोनों को छुड़वाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर एएसआई नीलम सिंह मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को अनूपगढ़ पुलिस थाने ले गए। बताया जा रहा है कि महिला के पति की मृत्यु सात साल पहले हो चुकी है और वो चार बच्चों की मां है।

रोजगार पोर्टल ईईएमएस 16 से बंद

बीकानेर, । रोजगार सेवा निदेशालय, जयपुर के आदेशानुसार विभाग का ईईएमएस पोर्टल प्रशासनिक एवं तकनीकी कारणों से 16 अप्रैल से आगामी आदेशों तक बंद किया जा रहा है। पोर्टल के बंद होने के चलते अब मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के तहत इंटर्नशिप कर रहे अभ्यर्थियों के पास जरूरी दस्तावेज अपलोड करने के लिए मात्र कुछ ही दिन शेष बचे हैं। संभागीय रोजगार विभाग के प्रशासनिक अधिकारी विजय कुमार व्यास ने बताया कि जिन आशार्थियों के नए आवेदन 7 अप्रैल को स्वीकृत हुए हैं, कार्यालय द्वारा उन सभी को इंटर्नशिप के लिए सरकारी विभाग आवंटित किए गए हैं। ऐसे सभी अभ्यर्थी तुरंत अपने आवंटित विभाग में कार्यभार ग्रहण कर, 15 अप्रैल तक अपनी 'जॉइनिंग रिपोर्ट' अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर को याद किया

बीकानेर। मित्र एकता सेवा समिति द्वारा सोमवार की शाम को डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर शहर के अंबेडकर सर्किल स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मित्र एकता सेवा समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एनडी क़ादरी ने बताया कि समिति के संरक्षक सुनील दत्त नागल ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भारतीय संविधान निर्माता,महान समाज सुधारक, सामाजिक समानता के प्रबल पक्षधर बताया। इस अवसर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एन डी कादरी, राजकुमार जीनगर ने बताया कि डॉ.भीमराव अंबेडकर ने न सिर्फ दलितों, वंचितों, पिछड़ों और गरीबों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी बल्कि वे महिलाओं के अधिकारों के भी बहुत बड़े हिमायती थे। उपाध्यक्ष सोहनलाल चांवरिया ने कहा कि बाबा साहेब ने पूरा जीवन पिछड़े वर्गों के उत्थान में लगा दिया।

नशा बेचने वालों पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं : मेघवाल

■ केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने प्रशासनिक अधिकारियों ली बैठक

बीकानेर । केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बीकानेर सर्किट हाउस में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें लोकसभा क्षेत्र के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश मेघवाल, जिला कलेक्टर निशांत जैन, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पालानिचामी एवं जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पाण्डे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे । बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से कोटगेट रेलवे फाटकों से संबंधित कार्यों, बीकानेर एयरपोर्ट के विस्तार, शहर में सीएनजी बसों के संचालन, रायसर क्षेत्र में पर्यटन विकास तथा अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही संभावित आपात परिस्थितियों, विशेषकर ईरान युद्ध जैसे हालात में गैस, पेट्रोल एवं डीजल की किसी प्रकार की किल्लत ना हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। कानून व्यवस्था के मुद्दे पर चर्चा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को सतर्क एवं सक्रिय रहते हुए आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही जन समस्याओं के त्वरित समाधान पर भी विशेष जोर दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने विशेष रूप से नशा बेचने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों के प्रति किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निरंतर अभियान चलाकर इन्हें रोकना सुनिश्चित किया जाए।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

सार-समाचार

परिवाद 15 दिन से ऊपर लंबित ना रहे

बीकानेर, । जिला कलेक्टर निशांत जैन ने कहा कि किसी भी विभाग में परिवाद 15 दिन से ऊपर लंबित ना रहे। साथ ही कहा कि परिवाद का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण (क्वालिटी डिस्पोजल) कर संबंधित व्यक्ति से बात भी करें। अगर किसी विभाग के पास गलत परिवाद आ जाए तो तत्काल संबंधित विभाग को ट्रांसफर करें। इसमें कोताही ना बरतें। जैन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपर्क पोर्टल की समीक्षा बैठक ले रहे थे। जिला कलेक्टर ने कहा कि संपर्क पोर्टल की मॉनिटरिंग राज्य स्तर पर खुद मुख्यमंत्री व उच्च स्तरीय अधिकारियों के द्वारा की जा रही है। लिहाजा इसमें किसी प्रकार की कोताही ना बरतें और परिवाद निस्तारण को शीर्ष प्राथमिकता (टॉप प्रायोरिटी) में रखें। जिला कलेक्टर ने कहा कि परिवाद के निस्तारण का राज्य का औसत समय 14 दिन है। जबकि जिले में रीको व वन विभाग का 37 दिन,कृषि विपणन का 36 दिन, गोपालन व संस्कृत विभाग का 34 दिन, फूड सेफ्टी का 33 दिन, खेल विभाग का 30 दिन, बीडीए व आरएसआरडीसी का 25 दिन, आईजीएनपी का 24 दिन है। जिला कलेक्टर ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को परिवाद का समय पर निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले का डिस्पोजल समय 14 दिन से भी कम होना चाहिए। इसको लेकर सभी विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी संपर्क पोर्टल को खुद देंखे और नियमित रूप से परिवादों का निस्तारण करते रहें। विदित है कि जिले का डिस्पोजल समय 16 दिन चल रहा है। जिला कलेक्टर ने बताया कि पीएचईडी में सर्वाधिक 219, जोधपुर डिस्कॉम में 192, राजस्व विभाग में 185 परिवाद पेंडिंग हैं। जिला कलेक्टर ने कहा कि सीधे पब्लिक से जुड़े कुछ विभागों में परिवादों की संख्या ज्यादा हो सकती है लेकिन संबंधित विभाग परिवादों का नियमित निस्तारण करता रहे। बैठक में नगर निगम कमिश्नर सिद्धार्थ पालानिचामी ,सीईओ जिला परिषद सुश्री शैलजा पांडेय, आईएएस सुश्री स्वाति शर्मा समेत सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

सेन जयंती आज मनाई जाएगी

महाजन । सेन समाज अपने आराध्य भक्त शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 726वीं जयंती कल मंगलवार, वैशाख कृष्ण पक्ष द्वादशी को धूमधाम से मनाएगा। यह उत्सव मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।सेन सेवा संस्थान समिति के अध्यक्ष कालूराम नाई ने बताया कि जयंती समारोह के लिए मंदिर पर सजावट का कार्य अंतिम चरण में है। समाज के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। उत्सव के तहत, 14 अप्रैल को सुबह मंदिर प्रांगण में हवन का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत महाप्रसाद का वितरण होगा। इसी दिन, 14 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से जागरण भी होगा। इस अवसर पर, घनश्याम नाई, राजाराम बसीर, धूडाराम मंडोरा, ओम प्रकाश नाई, चुनीलाल नाई, राजेश संस्करता, प्रेमरतन नाई, भंवर लाल नाई, मांगीलाल नाई, रामकिशन नाई, रमेश कुमार नाई और पृथ्वीराज नाई सहित समाज के कई प्रमुख सदस्यों ने लोगों से इस उत्सव में भाग लेकर इसे सफल बनाने का आव्हान किया है।

ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की मांग

बीकानेर । भाजपा नेता राजकुमार जीनगर के नेतृत्व में आज मंडल रेल प्रबंधक के नाम डीओएम को ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया कि 23 और 29 अप्रैल 2026 को दो चरणों में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं । पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनाव को देखते हुए बीकानेर में रहने वाले प्रवासी बंगाली समाज के काफी लोग जिनका पश्चिम बंगाल के विधानसभा क्षेत्रों की वोटर लिस्ट मे नाम है, वे बंगाल मे जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपना संवैधानिक हक पूर्ण करना चाहते हैं । अभी बीकानेर से चलने वाली बंगाल की गाड़ियों मे काफी वेटिंग लिस्ट चल रही हैं, चूंकि बंगाल की बीकानेर से काफी दूरी होने से वे अपने मताधिकार करने से वंचित न रहें इसको लेकर पश्चिम बंगाल जाने वाली सभी ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाकर स्थानीय मतदाताओं की सीट कन्फर्म करके उनको अपना मताधिकार करने में सहयोग प्रदान करें । इस दौरान राजकुमार जीनगर, किशोर बांठिया, खेमेन्द्र जीनगर, सोहनलाल, इत्यादि शामिल थे ।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रूपिंदर सिंह कुंनन्र धरने पर बैठे

श्रीगंगानगर । जिले के पदमपुर क्षेत्र में स्थित 18 बीबी और 9 ए टोल प्लाजा को प्रशासन ने सोमवार को एक बार फिर से शुरू कर दिया है। यह कार्रवाई हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुसार की गई है।

टोल शुरू होने की सूचना मिलते ही 18 बीबी टोल नाके पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचने लगे। श्रीकरणपुर विधायक रूपेंद्र सिंह रूपिंदर सिंह कुन्नर भी कार्यकर्ताओं के साथ 18 बीबी टोल स्थल पर पहुंचे। स्थिति को देखते हुए एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने 18 बीबी टोल नाके पर बैठे 5-6 लोगों को हटाया और वहां पड़े गद्दों को भी उठवा दिया। हालांकि विधायक कुन्नर टोल स्थल पर धरना देने की बात पर अड़े रहे। इस दौरान पुलिस अधिकारी उनसे लगातार समझाइश करने में जुटे रहे।18 बीबी टोल नाके के मौके पर एडीएसपी भंवरलाल, श्रीकरणपुर सर्कल के डीएसपी पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात है।

उछब थरपणा में बीकानेर पर केन्द्रित काव्य रंगत का आयोजन

बीकानेर । राजस्थानी साफा-पाग पगड़ी, कला संस्थान एवं थार विरासत की ओर से 539वें नगर स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित छः दिवसीय 'उछब थरपणा' के पांचवे दिन लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन-सदन में बीकानेर को केन्द्र में रखकर एक नवाचार के तहत हिन्दी, उर्दू और राजस्थानी की नई रचना के साथ काव्य रंगत का आयोजन हुआ।

काव्य रंगत के मुख्य अतिथि शायर क़ासिम बीकानेरी ने कहा कि उछब थरपणा समारोह के तहत होने वाले विभिन्न आयोजन बीकानेर के वैभव, विरासत, धरोहर, परंपरा आदि को केन्द्र में रखकर हो रहे है वह अपने आप में महत्वपूर्ण है। जिसके लिए दोनों आयोजन संस्था साधुवाद की पात्र है।

काव्य रंगत में शायर कासिम बीकानेरी ने-मेरे नगर की सबसे बड़ी शान देखो/होली भी है निराली यहां पर/निराली है यहां ईद .... ताजा गजल पेशकर बीकानेर की आन-बान-शान पेश की। इसी क्रम मे कवि कमल रंगा ने अपनी नई राजस्थानी कविता-जुगां-जुगां सूं परपंरा अंवेरती/जस गाथा लिखती बीकाणा सौरम थारी.....के माध्यम से बीकानेर की परपंरा और उसके वैभव को रेखांकित किया। कवि प्रमोद शर्मा ने बीकानेर के आलीजापन को-यह शहर है या कविता की किताब/जिसमें दुनियाभर का है हिसाब.... शब्द चित्रों के माध्यम से उकेरा तो शायर वली मोहम्मद गौरी ने अपनी ताजा नज्म॰-सुबह हंसी है और हंसी इसकी शाम है/क्या शहर बीकानेर भी प्यारा सा नाम है पेशकर बीकानेर की शान को प्रस्तुत किया। शायर जाकिर अदीब ने अपनी ताजा ग़ज़ल बीकानेर को समर्पित करते हुए-अमनो अमा के गीत जहां गाए जाते है/बनारस से सुंदर सुबह है तो अवध से सुंदर शाम है.....पेशकर बीकानेर के सौन्दर्य को सामने रखा। इसी क्रम में कवि डॉ. नरसिंह बिन्नाणी ने अपनी ताजा हाइकू-आपरी संस्कृति नैं नीं भूले....पेश कर बीकानेर की सांस्कृतिक वैभव को रेखांकित किया तो लोक कवि मदन गोपाल व्यास 'जैरी' ने अपनी लोक कविताओं के माध्यम से बीकानेर की स्थापना से जुडे॰ कई प्रसंग को अपने गीत के माध्यम से साझा किए। कवि जुगल किशोर पुरोहित ने राजस्थानी गीत-म्हारौ बीकाणौ मतवालो-है सगळां सूं न्यारौ.... पेश कर बीकानेर की आलीजापन को प्रस्तुत किया। कवि कैलाश टाक ने बीकानेर की साझा संस्कृति को अपने गीत में इस तरह प्रस्तुत किया-राम रमे रमजान/रहीम खेले फाग.... इसी क्रम में कवि गिरिराज पारीक ने बीकानेर शहर पर केन्द्रित अपनी कविता-हमारा शहर बीकाणा/अलमस्त सबसे न्यारां....।

स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का अभाव

अरजनसर । यहां रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं के अभाव में ग्रामीण परेशान है । अरजनसर कस्बा स्टेशन के दोनों ओर बसा होने के कारण रोजाना सैकड़ों लोगों को आवागमन के लिए रेलवे ट्रैक पार करना पड़ता है, लेकिन फुट ओवरब्रिज नहीं होने से यह सफर बेहद खतरनाक बन गया है। स्थिति तब और विकट हो जाती है जब स्टेशन पर सेना के वाहनों की लोडिंग के चलते मालगाडियां लंबे समय तक खड़ी रहती हैं। ऐसे में ग्रामीणों और यात्रियों को मजबूरन ट्रेन के नीचे से निकलकर अपना रास्ता तय करना पड़ता है। यह जोखिम भरा कदम कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। 70 वर्षीय ग्रामीण बिद्रपाल आहूजा ने बताया कि वे रोजाना सुबह बाजार जाने के लिए स्टेशन पार करते हैं।

परिवार में संवाद, संस्कार और सम्मान बहुत जरुरी : साध्वी त्रिशलाकुमारी

बीकानेर। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन की लेडिज विंग द्वारा गंगाशहर के शांति निकेतन में सोमवार को हैप्पी माइंड हैप्पी फैमिली विषयक कार्यशाला का आयोजन साध्वी त्रिशलाकुमारी के सान्निध्य में किया गया। साध्वीत्रिशलाकुमारी ने कहा कि प्रसन्न मन और मस्तिष्क सकारात्मकता का ही संचार करता है। महिला हो या पुरुष सबके जीवन में परिवार की अहम भूमिका होती है। परिवार अगर साथ हो तो किसी भी परेशानी को आसानी से पार किया जा सकता है। अगर परिवार में मनमुटाव और एक दूसरे के बीच दूरियां आ जाए तो इंसान का मनोबल टूट जाता है। परिवार के सदस्यों के बीच दूरी तभी आती है, जब संवाद यानि बातचीत की कमी होती है। परिवार को अगर खुशहाल रखना चाहते हैं तो सबसे पहले परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत करना शुरू कर दें। उनकी बात ध्यान से सुनें और उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश करें। घर के सदस्यों व बच्चों की छोटी-छोटी गलतियों को मजाक में बदलें। छोटी गलती को बड़ा न बनाएं और बड़ी गलती को माफ करना सीखें।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियम/2026/राजकाज रेफ नं. 20626438 दिनांक :- 19.02.2026
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 64 के किला नं. 8 में भूखण्ड संख्या 192 का माप 25'-0" गुणा 45'-0" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री मुकन्द सिंह पुत्र श्री प्यारा सिंह व शेरप्रीत सिंह पुत्र श्री मुकन्द सिंह व श्रीमती गगनदीप कौर पुत्री श्री मुकन्द सिंह निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री मुकन्द सिंह पुत्र श्री प्यारा सिंह व शेरप्रीत सिंह पुत्र श्री मुकन्द सिंह व श्रीमती गगनदीप कौर पुत्री श्री मुकन्द सिंह निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 64 के किला नं. 8 में भूखण्ड संख्या 192 का माप 25'-0" गुणा 45'-0" फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/2026/राजकाज रेफ नं. दिनांक :-
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 3 में भूखण्ड संख्या 24 का माप 30'-0" गुणा 52'-6" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री दलीप सिंह पुत्र श्री सज्जन सिंह निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री दलीप सिंह पुत्र श्री सज्जन सिंह निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 3 में भूखण्ड संख्या 24 का माप 30'-0" गुणा 52'-6" फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियम/2026/राजकाज रेफ नं. 20626392 दिनांक :- 19.02.2026
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 64 के किला नं. 8 में भूखण्ड संख्या का माप 25'-0" गुणा 45'-0" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री मुकन्द सिंह पुत्र श्री प्यारा सिंह निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री मुकन्द सिंह पुत्र श्री प्यारा सिंह निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 64 के किला नं. 8 में भूखण्ड संख्या का माप 25'-0" गुणा 45'-0" फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/2026/राजकाज रेफ नं. दिनांक :-
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 13 में भूखण्ड संख्या 16 का माप 30'-0" गुणा 52'-6" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री गुरेन्द्रपाल सिंह धालीवाल पुत्र श्री बलौर सिंह निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री गुरेन्द्रपाल सिंह धालीवाल पुत्र श्री बलौर सिंह निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 13 में भूखण्ड संख्या 16 का माप 30'-0" गुणा 52'-6" फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2026-27/5274 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 10-04-2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में भूखण्ड वाके चक 01 ए छोटी मुरब्बा नं. 72 के किला नं. 02 में भूखण्ड माप 19'-6'' गुणा 67'-6'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री विजय कुमार पुत्र श्री रामजीलाल मल्होत्रा निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री विजय कुमार पुत्र श्री रामजीलाल मल्होत्रा निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 01 ए छोटी मुरब्बा नं. 72 के किला नं. 02 में भूखण्ड माप 19'-6'' गुणा 67'-6'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2026/5272 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 10-04-2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में भूखण्ड वाके चक 01 ए छोटी मुरब्बा नं. 30/41 के किला नं. 06 में भूखण्ड माप 15'-0'' गुणा 30'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदिका श्रीमती सुमन पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार भाटी निवासी हरमिलापी कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदिका श्रीमती सुमन पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार भाटी निवासी हरमिलापी कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 01 ए छोटी मुरब्बा नं. 30/41 के किला नं. 06 में भूखण्ड माप 15'-0'' गुणा 30'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2026/5271 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 10-04-2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में भूखण्ड वाके चक 03 ए छोटी मुरब्बा नं. 24 के किला नं. 04 में भूखण्ड माप 15'-0'' गुणा 60'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री लक्ष्मण सोनी पुत्र श्री चानण राम निवासी वास्तुनगर, बसती चौक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री लक्ष्मण सोनी पुत्र श्री चानण राम निवासी वास्तुनगर, बसती चौक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 03 ए छोटी मुरब्बा नं. 24 के किला नं. 04 में भूखण्ड माप 15'-0'' गुणा 60'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्र. :- नियमन/2026/5265 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 02.04.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विशाल अरोड़ा पुत्र श्री सतीश अरोड़ा निवासी म.नं. 88 राणा प्रताप कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 31 के किला नं. 3 में माप 30 इंटू 50 फीट भू.सं. आरपी-89 पार्ट बी, राणा प्रताप कॉलोनी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का आवासीय पट्टा सं. 1029 दिनांक 18.12.2012 को श्रीमती सुनीता अग्रवाल पत्नी श्री नरेश अग्रवाल के नाम से जारी है।	श्री विशाल अरोड़ा द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 29.01.2026 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री विशाल अरोड़ा पुत्र श्री सतीश अरोड़ा निवासी म.नं. 88 राणा प्रताप कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमजन/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/1421 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

परशुराम जयंती पर घर-घर जलेंगे दीप

■ अक्षय तृतीया पर हनुमानगढ़ में उल्लास

हनुमानगढ़ । भगवान श्री परशुराम के प्राकट्य दिवस की तैयारियों को लेकर हनुमानगढ़ में सर्व ब्राह्मण महासभा ने की चर्चा भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस की तैयारियों के संबंध में सोमवार को हनुमानगढ़ में सर्व ब्राह्मण महासभा की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सेक्टर 6 स्थित सामुदायिक केंद्र में हुई, जिसमें 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

महासभा के जिलाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद शर्मा ने बताया कि परशुराम जयंती के अवसर पर 19 अप्रैल को सुबह 7:15 बजे परशुराम चौक पर सामूहिक पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद भगवान परशुराम की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। बैठक में परशुराम चौक के सौंदर्यकरण को लेकर भी महत्वपूर्ण निणन्य लिए गए। कमेटी के सदस्य शांति प्रकाश बिस्सा, गोपाल शर्मा और नरेश पुरोहित ने जानकारी दी कि चौक की साफ-सफाई, रंग-रोगन और लाइट डेकोरेशन कर इसे आकर्षक रूप दिया जाएगा। इसका उद्देश्य आयोजन को भव्यता प्रदान करना है। शाम के कार्यक्रम के तहत परशुराम चौक पर भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। गोपाल शर्मा ने इस आतिशबाजी की घोषणा करते हुए इसे यादगार बनाने का आश्वासन दिया। यह आतिशबाजी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगी। महासभा पदाधिकारियों ने समाजजनों से आ ान किया कि वे अपने-अपने घरों में शाम के समय 11-11 दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान परशुराम के प्रति श्रद्धा प्रकट करें। उन्होंने इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने, समाज की एकता बनाए रखने और सभी कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

महात्मा ज्योतिबा फूले और बाबा साहेब के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक

बीकानेर। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले तथा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक समरसता के प्रतीक, नारी शिक्षा के अग्रदूत तथा समता एवं समानता की अलख जगाने वाले ऐसे महापुरूष थे, जिनके सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा दोनों महापुरूषों की जयंती एक साथ मनाकर नई शुरूआत की गई है।

केन्द्रीय मंत्री मेघवाल ने सोमवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं तथा महात्मा ज्येतिबा फूले की 199वीं जयंती के अवसर पर भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

केन्द्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले का निधन 28 नवंबर 1890 को हुआ तथा बाबा साहेब 14 अप्रैल 1891 को इस दुनिया में आए। उन्होंने ज्योतिबा फूले के विचारों को आगे बढ़ाया तथा समाज में नई चेतना पैदा की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का बनाया संविधान आज हमें एक सूत्र में बांधता है।

फ्लैगशिप योजनाओं पर संबंधित अधिकारी और ज्यादा मेहनत करें : कलेक्टर

बीकानेर, । जिला कलेक्टर निशांत जैन ने कहा कि जिले के सभी जिला स्तरीय अधिकारी राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर और ज्यादा ध्यान दें व मेहनत करें। उन्होंने कहा कि वैसे तो सभी विभागीय योजनाओं पर मेहनत करें लेकिन फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

जैन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य सरकार की सभी 25 फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं से संबंधित अधिकारीगण जिले की रैंकिंग खुद देखें और उसमें सुधार करने को लेकर आवश्यक कदम तत्काल उठाएं ताकि आमजन को भी इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। किसी भी स्तर पर फाइल को लटकाए ना रखें.

लाडो योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, स्वामित्व योजना में रैंकिंग सुधार के निर्देश जिला कलेक्टर ने लाडो योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, स्वामित्व योजना, अटल ज्ञान केन्द्र, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में जिले की रैंकिंग खराब होने पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से इन योजनाओं को देखने व इनमें सुधार के सख्त निर्देश दिए।

कुसुम योजना घटक-ए में बीकानेर जिला पूरे राज्य में नंबर वन पर बिजली विभाग के एसई राजेन्द्र कुमार ने बताया कि कुसुम योजना घटक -ए में बीकानेर जिला पूरे राज्य में प्रथम स्थान पर है। जिले में किसानों को खुद के खेत पर 0.5 से 2 मेगावाट के सोलर प्लांट लगाने हेतु 285 के लक्ष्य के विरूद्ध 92 प्लांट चालू कर 138.5 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। जिले की रैंकिंग पूरे राज्य में प्रथम होने पर जिला कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त की । नए परिवारों को एनएफएसए पोर्टल पर जोड़ने हेतु आवेदनों का एसडीएम करें जल्द निस्तारण रसद विभाग की समीक्षा के दौरान जिला कलेक्टर ने नवीन परिवारों को एनएफएसए पोर्टल पर जोड़ने को लेकर उपखंड अधिकारियों के पास पेंडिंग ऑनलाइन आवेदनों का निस्तारण जल्द करने के निर्देश दिए। रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि जिले में 75 हजार परिवारों को ई केवाईसी नहीं करवाने पर एनएफएसए से डिलीट किया गया है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना में अच्छे प्रपोजल दें ।